# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## तृतीय सत्र

## अतारांकित प्रश्नों की सूची

## गुरूवार, दिनांक 20 मार्च, 2025

## कुल संख्या-24

| | |
|---|---|
| मुख्य मंत्री | 02 |
| उप मुख्य मंत्री (वित्त) | 06 |
| चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री | 05 |
| संसदीय कार्य मंत्री | 02 |
| खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री | 02 |
| पशुपालन एवं डेयरी मंत्री | 05 |
| वन राज्य मंत्री | 02 |

## बानसूर विधान सभा क्षेत्र में साइबर ठगी के दर्ज प्रकरण

504.
(6781/गृह/अता.) श्री देवी सिंह शेखावत (81) - क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र बानसूर में विगत पांच वर्षो में साइबर ठगी के कितने मुकदमें दर्ज हुए? वर्षवार, थानेवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त विधान सभा क्षेत्र में साइबर ठगी के दर्ज प्रकरणों में पीड़ित लोगों को राशि वापिस प्राप्त हो गयी है? यदि हां, तो कितने लोगों को? वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जोधपुर के पुलिस थानों में जब्त वाहनों की नीलामी

505. (7745/गृह/अता.) श्री बाबूसिंह राठौड़ (101) - क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में पुलिस थानों में जब्त वाहनों के नीलामी हेतु क्या प्रावधान हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) जिला जोधपुर के पुलिस थानों में वर्ष 2019 से जनवरी, 2025 तक कितने वाहनों की नीलामी, कब-कब की गई? नीलामी में कितना राजस्व प्राप्त हुआ ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त जिले में वर्तमान में कितने वाहन नीलामी किये जाने शेष है ? क्या सरकार उक्त वाहनों की नीलामी करने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## उदयपुरवाटी विधान सभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत

506. (6904/सार्वजनिक निर्माण/अता.) श्री भगवाना राम सैनी (104) क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र उदयपुरवाटी में नॉन पेचेबल सड़कों की मरम्मत करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## पोकरण विधान सभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत

507. (7508/सार्वजनिक निर्माण/अता.) श्री प्रताप पुरी (92) - क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र पोकरण में कितनी सड़कों का निर्माण अधूरा है तथा कितनी सड़कें वर्तमान में क्षतिग्रस्त हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त सड़कों का पुन: पेचवर्क एवं पटरियां सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त क्षेत्र की

नॉन पेचेबल सड़कों की पुन: मरम्मत कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो किन-किन की, कब तक व नहीं, तो क्यों?

## खाजूवाला विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना

508. (8032/सार्वजनिक निर्माण/अता.) डॉ. विश्वनाथ मेघवाल (155) - क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र खाजूवाला के किन-किन राजस्व ग्राम एवं ढाणियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से जोड़ने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नीमकाथाना में आगवाडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण

509. (8397/सार्वजनिक निर्माण/अता.) श्री सुरेश मोदी (183) - क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि सरकार द्वारा तहसील नीमकाथाना में आगवाडी के पास रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने की स्वीकृति दी गयी थी? यदि हां, तो क्या उक्त का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## वल्लभनगर विधान सभा क्षेत्र की सड़कों का चौड़ाईकरण

510. (8412/सार्वजनिक निर्माण/अता.) श्री उदयलाल डांगी (21) - क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र वल्लभनगर में वाना से बांसड़ा, डबोक एन.एच.48 से टांक, भोपाखेडा से अडिन्दा तक की सड़कों की चौड़ाईकरण का कार्य करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मारवाड़ जंक्शन विधान सभा क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र

511. (7543/महिला एवं बाल विकास/अता.) श्री केसाराम चौधरी (35) - क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र मारवाड़ जंक्शन में आंगनबाड़ी केन्द्र कहां-कहां संचालित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में कौन-कौनसे आंगनबाड़ी केन्द्र किराये के भवनों में संचालित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त केन्द्रों के नवीन भवन बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में आयुर्विज्ञान संस्थानों की स्थापना

512. (1724/चिकित्सा शिक्षा/अता.) श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी (80) - क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार प्रदेश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) के स्तर के उन्नत आयुर्विज्ञान संस्थानों की स्थापना करने का विचार रखती है? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त के संबंध में क्या प्रयास किए गए? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के उन्नतिकरण के संबंध में सरकार की क्या कार्य योजना है एवं नवीन खोज एवं अनुसंधान के लिए सरकार की क्या कार्य योजना है ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में फार्मासिस्टों को वर्दी भत्ता

513. (4799/चिकित्सा शिक्षा/अता.) श्री चेतन पटेल कोलाना (53) - क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या प्रदेश में फार्मासिस्टों को वर्दी भत्ता दिया जा रहा है? यदि हां, तो कितना? यदि नहीं, तो सरकार उक्त को कब तक भत्ता देने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## एम्बुलेंस के संचालन हेतु बजट का आवंटन

514. (7531/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/अता.) श्रीमती शांता अमृतलाल मीणा (10) - क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधायक मद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक व जिला अस्पताल में उपलब्ध करवाई गई एम्बुलेंस के रखरखाव व उनके संचालन हेतु चालकों की व्यवस्था के लिए बजट जारी करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## दौसा विधान सभा क्षेत्र में आयुष्मान मॉडल सीएचसी की स्थापना

515. (8577/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/अता.) श्री दीन दयाल (119) - क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक आयुष्मान मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं? यदि हां, तो उक्त में क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जाएगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र दौसा में कौनसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को आयुष्मान मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## पिण्डवाड़ा आबू विधान सभा क्षेत्र में चिकित्साकर्मियों के रिक्त पद

516. (8676/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/अता.) श्री समाराम (175) - क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र पिण्डवाड़ा आबू में कार्मिकों के कितने पद रिक्त हैं?

(2) सरकार उक्त रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नीमराना तहसील मुख्यालय पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना

517. (3715/विधि एवं विधिक कार्य/अता.) डॉ. जसवंत सिंह यादव (61) - क्या विधि एवं विधिक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार जिला कोटपूतली-बहरोड़ के नीमराना तहसील मुख्यालय पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार द्वारा नवीन न्यायालय खोलने हेतु कोई नीति निर्धारित की गई है? यदि हां, तो क्या? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## पीपाड़ शहर (बिलाड़ा) में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना

518. (7021/विधि एवं विधिक कार्य/अता.) श्री अर्जुन लाल (12)- क्या विधि एवं विधिक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में विगत तीन वर्षों में किस-किस प्रकार के, कब-कब व कहां-कहां पर नये न्यायालय सृजित किये गये? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार पीपाड़ शहर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय सृजित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बगरू विधान सभा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा योजना

519. (4786/खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति/अता.) श्री कैलाश चन्द वर्मा (36) - क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के क्या मानदण्ड निर्धारित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए कौन अधिकृत है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र बगरू में अनेक लाभार्थी ऐसे हैं जिन्हें खाद्य सुरक्षा योजना के मानदण्डों को पूरा करने के उपरान्त भी नाम नहीं जोड़ा गया है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कपासन विधान सभा क्षेत्र में गरीब परिवारों को खाद्यान आपूर्ति

520. (5471/खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति/अता.) श्री अर्जुन लाल जीनगर (13) - क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र कपासन में गरीब परिवारों को खाद्यान उपलब्ध करवाया जाता है? यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में कितने परिवार को, कितना खाद्यान दिया गया? गांववार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार वास्तविक गरीब परिवारों का सर्वे करवाकर खाद्यान उपलब्ध करवाने तथा नियम विरूद्ध खाद्यान लेने वाले परिवारों से वसूली करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## भीम विधान सभा क्षेत्र की गौशालाओं को देय अनुदान

521. (3545/गोपालन/अता.) श्री हरिसिंह रावत (193) - क्या गोपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश में सरकार द्वारा गौशालाओं को अनुदान दिया जाता है? यदि हां, तो कब से, कितना व कैसे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र भीम में विगत तीन वर्षों में कितनी गौशालाओं को अनुदान दिया गया? गौशालावार अनुदान राशि का वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला बारां की पंजीकृत गौशालाओं को अनुदान

522. (7300/गोपालन/अता.) श्री ललित मीना (142) - क्या गोपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला बारां में वर्तमान में कितनी गौशालाएं पंजीकृत हैं तथा उक्त में कितनी गायें हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार द्वारा पंजीकृत गौशालाओं को अनुदान दिया जा रहा है? यदि हां, तो जिला बारां में विगत पांच वर्षों में किस-किस गौशाला को, कब-कब, कितनी-कितनी राशि का अनुदान दिया गया? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार प्रदेश में गौवंश के संरक्षण के लिए कोई नीति बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खाजूवाला विधान सभा क्षेत्र में पशु उप चिकित्सा केन्द्र की स्थापना

523. (4656/पशुपालन/अता.) डॉ. विश्वनाथ मेघवाल (155)- क्या पशुपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र खाजूवाला की ग्राम पंचायत 17 KHM में पशु उप चिकित्सा केन्द्र खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सहाड़ा विधान सभा क्षेत्र के पशु चिकित्सालयों में रिक्त पद

524. (7622/पशुपालन/अता.) श्री लादु लाल पितलिया (144)- क्या पशुपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र सहाड़ा के रायपुर या गंगापुर उपखण्ड में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र के पशु चिकित्सालय एवं पशु उप केन्द्रों में कितने पद रिक्त हैं? सरकार द्वारा उक्त रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला उदयपुर में देवस्थान विभाग की भूमि पर अतिक्रमण

525. (7061/देवस्थान/अता.) श्री ताराचन्द जैन (74) - क्या देवस्थान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि जिला उदयपुर में देवस्थान विभाग द्वारा नियंत्रित एवं प्रतिबन्धित मंदिरों की भूमि पर वर्तमान में अतिक्रमण है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भूमि पर चारदीवारी, तारबंदी करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सरिस्का वन क्षेत्र में स्थित होटलें

526. (1474/वन/अता.) श्री कालीचरण सराफ (30) - क्या वन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरिस्का (अलवर) में संयुक्त सर्वे की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है? यदि हां, तो रिपोर्ट की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त रिपोर्ट के आधार पर कितने होटल वन भूमि पर बने हुए हैं? सरकार द्वारा उक्त पर की गई कार्यवाही का विवरण सदन की मेज पर रखें।

## वन मित्र योजना प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में

527. (4313/वन/अता.) श्री हमीर सिंह भायल (190)- क्या वन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा वन सुरक्षा के लिए वन मित्र योजना प्रारम्भ की गई है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) प्रदेश में उक्त योजना के तहत कितने क्षेत्रों में वन मित्र लगा दिये गये हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार वन मित्र योजना के तहत जिला बालोतरा में भी कार्य प्रारम्भ करने का  का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर ।**
**दिनांक 10 मार्च, 2025**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव**